# रायबरेली: गंगा एक्सप्रेस वे पर बनाए जाएंगे छह पुल

**कवायद**

रायबरेली। जिले में चल रहे गंगा एक्सप्रेस वे के निर्माण में दो रेलवे ओवर ब्रिज और चार फ्लाई ओवर का भी निर्माण किया जा रहा है। बारिश के दौरान मिट्टी के कार्य पर पूरी तरह विराम लग जाने के चलते निर्माण कार्य कर रही कंपनी में अपना पूरा ध्यान एक्सप्रेसवे में बनाए जाने वाले स्ट्रक्चरों पर लगाया हुआ है।

जिले से गुजर रहे एक्सप्रेस वे में कुल 107 पुलियों के साथ में चार फ्लाईओवर का निर्माण किया जाएगा। इसके अलावा 36 छोटी पुलियों के साथ एक बड़े पुल को भी बनाया जाएगा। दो जगहों पर रेलवे ओवर ब्रिज का भी निर्माण किया जाएगा।

**पुल पुलियों के निर्माण में तेजी:**

गंगा एक्सप्रेस का जिले में कुल 79 किलोमीटर में निर्माण किया जाना है। इस 79 किलोमीटर की लम्बाई में कुल दो स्थानों पर वाहनों को चढ़ने और उतरने के लिए इण्टर चेंज सड़कें बनाई जानी है। इसमें एक इण्टर चेंज सड़क लालगंज रोड पर ऐहार के पास बनाई जाएगी और दूसरा इण्टर चेंज सड़क प्रयागराज के रास्ते में पड़ने वाले जगतपुर के पास जिगना में बनाया जाएगा।